## खबर संक्षेप

### नशीला कफ सिरप बेचते एक आरोपी गिरफ्तार



**मैहर।** मां शारदा धाम चौकी पुलिस ने नशीला कफ सिरप बेचते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मो.इजरायल 36 वर्ष के रूप में हुई है,जो चिकन मोहल्ला,मैहर का रहने वाला है। सोमवार रात को पुलिस को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। आरोपी के पास से कुल 40 शीशी नशीला कफ सिरप बरामद हुआ,जिसकी कीमत 7800 रुपये है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश करने के लिए सतना भेजा है। यह कार्रवाई चौकी प्रभारी अरविंद द्विवेदी की टीम द्वारा की गई।

### पुलिस ने लापता नाबालिग को ढूंढ निकाला

**सतना।** पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे मुस्कान अभियान के तहत,रामपुर बाघेलान थाना पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए एक अपहृत नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद कर लिया है। बच्ची को उसके परिवार को सौंप दिया गया है। कुछ दिनों पहले,फरियादी ने अपनी नाबालिग बेटी के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उनकी शिकायत के आधार पर,थाना रामपुर बाघेलान में तत्काल अपराध दर्ज किया गया। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए,पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रेमलाल कुर्वे और उप पुलिस अधीक्षक मनोज दीक्षित के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी संदीप चतुर्वेदी ने एक विशेष टीम का गठन किया। गहन जाँच और प्रयास के बाद, पुलिस टीम ने लापता बालिका को सफलतापूर्वक ढूंढ निकाला। पूछताछ के दौरान बालिका ने बताया कि वह अपनी मर्जी से घूमने के लिए घर से निकली थी और फिर अपनी चचेरी बहन के साथ सूरत चली गई थी। उसने किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से इंकार किया। पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद बालिका को उसके परिवार को सुरक्षित सौंप दिया। इस कार्य में निरीक्षक संदीप चतुर्वेदी,प्रधान आरक्षक दिलीप सिंह और प्रदीप पाण्डेय, आरक्षक रजनीश सिंह,और महिला आरक्षक रिकीं तिवारी व मोनिका की भूमिका रही।

### अन्नदाताओं की पीड़ा को भी समझे प्रशासन : बब्बल

**सतना।** मध्य भारत मोर्चा के जिला अध्यक्ष जसविंदर सिंह भाटिया बब्बल ने जारी बयान में मौजूदा समय में अन्नदाताओं के लिए खाद की मारामारी पर चिंता जताते हुए कहा की जिला प्रशासन इस मामले पर शक्ति अपनाएं जिससे किसानों को सरलता से खाद बीज उपलब्ध हो सके। श्री भाटिया ने कहा की किसान हमारे अन्नदाता है यदि वह परेशान होगा तो आम जनता का पेट कैसे भरेगा। उन्होंने कहा कि इस मामले में कालाबाजारी मौके का फायदा उठाकर खाद की कालाबाजारी करने में जुटे हैं इस पर प्रशासन को न केवल सख्त कदम उठाने चाहिए बल्कि सक्षम अधिकारियों की देखरेख में खाद का वितरण करना चाहिए।

### अपहृत नाबालिग को दस्तयाब कर आरोपी को किया गिरफ्तार


**मैहर।** पुलिस ने एक नाबालिग लड़की के अपहरण और दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल के निर्देशन में और रामनगर थाना प्रभारी विजय त्रिपाठी के नेतृत्व में की गई। 19 फरवरी,2025 को रामनगर थाने में एक नाबालिग के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने लड़की को झांसी,उत्तर प्रदेश से दस्तयाब किया।पूछताछ में लड़की ने बताया कि छतरपुर निवासी मूलचन्द्र जाटव 36 वर्ष उसे बहला-फुसलाकर ले गया था और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उस पर बीएनएस और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया है।

### नगर निगम में जनसुनवाई: 35 आवेदनों का समाधान करने के निर्देश

**सतना।** नगर पालिक निगम सतना में आज मंगलवार को सुबह 11 बजे से 1 बजे तक जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में महापौर योगेश ताम्रकार और उपायुक्त (वित्त) सत्यम मिश्रा उपस्थित रहे। जनसुनवाई के दौरान कुल 35 आवेदन प्राप्त हुए,जिनमें विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें और सुझाव शामिल थे।

# कोठी के सरकारी अस्पताल में ऑक्सीजन सिलेंडर फटने से भगदड़







## लीकेज चेक करते समय हादसा फार्मासिस्ट घायल

हरिभूमि न्यूज, सतना।

कोठी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार दोपहर अचानक ऑक्सीजन सिलेंडर फट गया। हादसे में फार्मासिस्ट संतोष यादव घायल हो गए। धमाके की आवाज सुनकर अस्पताल परिसर में भगदड़ मच गई और लोग घबराकर इधर-उधर भागने लगे।

### लीकेज चेक करते समय हुआ हादसा

अस्पताल में उपयोग हो चुके खाली सिलेंडर रिफिलिंग के लिए भेजे जाने थे। इस दौरान फार्मासिस्ट संतोष यादव ने एक सिलेंडर में लीकेज देखा। लीकेज की जांच के दौरान ही अचानक तेज धमाका हो गया और उनके हाथ में चोट लग गई।

### बड़ा हादसा टला

धमाके का असर सीमित दायरे तक रहा। मौके पर मौजूद अन्य मरीज और स्टाफ सुरक्षित बच गए। अस्पताल प्रशासन ने तुरंत घायल फार्मासिस्ट को प्राथमिक उपचार दिया। कोठी स्वास्थ्य केंद्र की बीएमओ डॉ.अल्का माहुले ने बताया कि सभी मरीज और स्टाफ सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि घटना का पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हुआ है और इसका फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

# कलेक्टर ने सुनी 111 आवेदकों की समस्यायें



सतना।

कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में जिले के दूर-दराज के क्षेत्रों से आये 111 आवेदकों से उनकी समस्यायें सुनी और अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिये। इस मौके पर अपर कलेक्टर विकास सिंह,डिप्टी कलेक्टर सुधीर बेक,बीके मिश्रा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।जनसुनवाई में महिला बाल विकास विभाग द्वारा की गई सहायिकाओं की भर्ती में गडबडी की शिकायतें,राजस्व विभाग की सीमांकन नहीं करने और सरपंच के सजरे के आधार पर वारिसाना नामांतरण, सिंचित भूमि को असिंचित करने संबंधी शिकायतें पहुंची। कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना और अधिकारियों को प्रकरणों की जांच कर नियमानुसार कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये।

### मैहर जिले की जनसुनवाई में आये 47 आवेदन

कलेक्टर मैहर रानीबाटड ने मंगलवार को जनसुनवाई में जिले के विभिन्न अंचलों से प्राप्त 47 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारी को निराकरण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# साइकिल चलाकर कलेक्टर पहुंचे कार्यालय





सतना।

कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद की पहल पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने संभाग के सभी जिलों में प्रत्येक मंगलवार को साइकिल डे मनाया जाता है। इस दिन सभी शासकीय अधिकारी-कर्मचारी पेट्रोल और डीजल चलित वाहन का उपयोग नहीं करते हुए साइकिल द्वारा घर से कार्यालय आना-जाना करते हैं। तीसरे मंगलवार को कलेक्टर सतना डॉ.सतीश कुमार एस आम नागरिक की तरह अपने निवास से अकेले बिना सुरक्षा गार्ड के साइकिल चलाकर धवारी कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे। जिले के नवागत अपर कलेक्टर विकास सिंह भी पैदल चलकर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे।

### मैहर कलेक्टर ई-रिक्शा पर बैठकर कार्यालय पहुंची

कमिश्नर रीवा बीएस जामोद की पर्यावरण संरक्षण की अपील पर मंगलवार को अधिकारियों का साइकिल ई-रिक्शा या पैदल चलकर कार्यालय पहुंचने का क्रम अनवरत जारी है। तीसरे मंगलवार को कलेक्टर मैहर रानी बाटड और अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह ई-रिक्शा में यात्रा कर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे। इस अवसर पर अन्य जिला अधिकारी भी सरकारी डीजल-पेट्रोल चलित वाहन को छोडकर साइकिल,ई-रिक्शा या पैदल चलकर अपने-अपने कार्यालय पहुंचे।



## महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह की व्यापक तैयारियां शुरु

**सतना।**अग्रवाल नवयुवक मण्डल,सतना की अति आवश्यक बैठक रविवार 17 अगस्त को अग्रसेन धाम,बूटीबाई स्कूल परिसर में समाज के अध्यक्ष अशोकअग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। समाज के प्रवक्ता सौरभ अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष श्रीश्री 1008 श्री महाराजा अग्रसेन जी की 51 49वाँ जयन्ती समारोह मनाई जा रही है। रविवार,31 अगस्त से प्रारंभ होकर रविवार,28 सितम्बर तक लगभग 1 महीने अनवरत कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।अग्रसेन क्लब एवं अग्रवाल महिला मण्डल द्वारा विभिन्न तरह की प्रतियोगितायें आयोजित की जायेगी।अग्रवाल नवयुवक मण्डल द्वारा 16 सितम्बर को अग्रसेन चौक में भण्डारा, 21 सितम्बर को अग्रसेन धाम,बूटीबाई विद्यासदन परिसर में एक चटपटी शाम के रुप में विशाल आनंद मेला जिसमें विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन,मनोरंजक खेल,हाऊजी, महिलाओं द्वारा हस्तकला प्रदर्शनी एवं अग्रसेन क्लब द्वारा गेम स्टाल लगाये जायेंगे। 22 सितम्बर को अग्रसेन चौक से प्रातः 5 बजे प्रभात फेरी,इसके पश्चात अग्रसेन धाम बूटीबाई विद्या सदन परिसर में प्रातः 11 बजे से हवन-पूजन,सायं 4 बजे अग्रसेन चौक से भव्य शोभायात्रा जो विभिन्न मार्गों से होते हुये वापस अग्रसेन चौक में भव्य महाआरती एवं प्रसाद वितरण के साथ समाप्त होगी। नवरात्रि के पावन पर्व पर महिला मण्डल द्वारा सामाजिक गरबा-रास डांडिया भी खेला जायेगा।





# मैहर के बिगौड़ी में हिंदू महापंचायत के बाद मकान में आगजनी, 8 नामजद

मैहर।

बिगौड़ी गांव में एक महीने पहले हुई शिव नारायण तिवारी की हत्या के मामले में संतोषजनक कार्रवाई न होने से आक्रोशित ग्रामीणों ने एक मकान में आग लगा दी। इस घटना के बाद ताला थाना पुलिस ने 8 लोगों को नामजद करते हुए,जिसमें रवि शंकर पटेल,ज्योति तिवारी,गौरव मिश्रा,रमाशंकर तिवारी,निलेश पटेल,संजय तिवारी,रामहित पटेल और छोटे पटेल शामिल हैं,तथा अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल ने बताया कि यह मकान आरोपी साहिल का था,जिसमें अवैध नशे की दुकान संचालित होती थी। हालांकि,आगजनी में कोई जनहानि नहीं हुई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# स्वच्छता की पाठशाला अभियान के तहत नगर पालिक निगम ने लोगों को किया जागरूक



सतना।

नगर पालिक निगम सतना की स्वच्छता की पाठशाला अभियान का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य नागरिकों, छात्रों और संस्थानों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और उन्हें स्वच्छ भारत मिशन से जोड़ना था।

### वार्डों में आयोजित हुए कार्यक्रम

वार्ड 26 लिटिल फ्लॉवर स्कूल में विशेष स्वच्छता पाठशाला लगाई गई। इसमें छात्रों और नागरिकों को प्लास्टिक प्रतिबंध और चार डिब्बों के माध्यम से कचरा अलग करने के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया।छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और स्वच्छता बनाए रखने की शपथ ली। वहीं वार्ड 04 में रूरल सेल्फ एम्प्लॉयमेंट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन,स्वच्छता की आदतें और सामुदायिक स्वच्छता पर मार्गदर्शन दिया गया। युवाओं और प्रशिक्षुओं ने इस कार्यक्रम में उत्साह के साथ हिस्सा लिया। और वार्ड 27 के वार्ड में नागरिकों को चार डिब्बों से कचरा पृथक्करण की जानकारी दी गई। उन्हें घर पर ही कंपोस्ट बनाने की विधि सिखाई गई, जिससे गीले कचरे का निपटान आसानी से हो सके। लोगों को प्लास्टिक प्रतिबंधित (निर्माण एवं विध्वंस) कचरा प्रबंधन के बारे में भी जागरूक किया गया। यह अभियान सतना को स्वच्छ और हरा-भरा बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### अमदरा में नाबालिग से दुष्कर्म का प्रयास, आरोपी की तलाश जारी

**मैहर।** जिले के अमदरा थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के प्रयास का मामला सामने आया है। सोमवार शाम को जब लड़की अपनी सहेली के साथ खेत में शौच के लिए गई थी,तब गांव के एक युवक ने उसे पकड़ लिया।लड़की की सहेली ने भागकर परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने आरोपी को पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर पुलिस को सौंप दिया।अमदरा थाना प्रभारी रेणु मिश्रा ने बताया कि आरोपी बालिग है,जबकि पीड़िता नाबालिग है। पुलिस ने देर रात मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी की तलाश में जुटी है। नाबालिग को मेडिकल जांच के लिए भेजा गया है।

## शारदा प्रिज्म जॉनसन लेडीज क्लब ने मनाया स्वतंत्रता दिवस एवं कृष्ण जन्माष्टमी पर्व



**सतना।** शारदा प्रिज्म जॉनसन लेडीज क्लब की अध्यक्ष श्रीमती सुनीता सिंह के नेतृत्व में स्वतंत्रता दिवस एवं कृष्ण जन्माष्टमी पर्व को संयुक्त रूप से हर्षोल्लास के साथ के साथ मनाया गया। देशभक्ति एवं कृष्ण भक्ति के गीतों पर शानदार नृत्य प्रस्तुतियों ने सभी का मनमोह लिया।इस अवसर पर "आरती की थाली सजाओ" प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सदस्यों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और एक से बढ़कर एक सुंदर थालियां सजाई। इस प्रतियोगिता को श्रीमती रितिका हिंगर और राकेश रंजन मिश्रा ने जज किया जिसमें प्रथम श्रीमती वरुणा सिंह,द्वितीय श्रीमती कल्पना सिंह परिहार और तृतीय स्थान श्रीमती नेहा गुप्ता ने प्राप्त किया। उपरोक्त जानकारी प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड के डीजीएम सीएसआर एंड जनसंपर्क देवेन्द्र मिश्रा ने दी।

# अवैध शराब कारोबार पर फिर करारा प्रहार

## भगवती मानव कल्याण संगठन की सक्रियता से मचा हड़कंप

जिले में लगातार बढ़ते अवैध नशे के कारोबार के खिलाफ भगवती मानव कल्याण संगठन एवं भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के कार्यकर्ताओं ने एक बार फिर साहसिक कार्यवाही करते हुए '18 अगस्त 2025 की रात लगभग 9 बजे' ग्राम हरदुआ खमरिया (थाना सिमरिया) में स्थित बस स्टैंड से '2 पेटी अवैध शराब' बरामद कर पुलिस को सूचना दी।

हरिभूमि न्यूज, पन्ना।



जब्त की गई शराब में शामिल है-'50 पाव प्लेन शराब, 50 पाव लाल मसाला शराब' (कुल 2 पेटी) मौके से एक आरोपी 'आशीष राय' को पकड़ कर पुलिस के हवाले किया गया, जबकि दूसरा आरोपी फरार हो गया। आरोपियों के पास से 'बिना नंबर की मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। इस संबंध में पुलिस द्वारा मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। जिला पन्ना में नशामुक्ति के नाम पर प्रशासन की निष्क्रियता अब खुलकर सामने आ रही है। जबकि धर्मसम्राट परमहंस योगीराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज के दिशा-निर्देशन में चल रहे राष्ट्रव्यापी नशामुक्ति जनांदोलन के अंतर्गत भगवती मानव कल्याण संगठन एवं भारतीय शक्ति चेतना पार्टी लगातार ज़मीनी स्तर पर सक्रिय होकर समाज में जागरूकता फैला रहे हैं।

**यह कोई एकल कार्यवाही नहीं है-**

11 अगस्त 2025' को भी संगठन द्वारा रैपुरा थाना क्षेत्र में 78 पेटी अवैध शराब पकड़ी गई थी, जिस पर आबकारी अधिकारी श्री मुकेश मौर्य द्वारा तत्काल कार्यवाही की गई थी। नशा, मांस, भय, भूख, भ्रष्टाचार, जातिवाद और सांप्रदायिकता से मुक्त एक चेतनावान एवं चरित्रवान समाज का निर्माण करना। भगवती मानव कल्याण संगठन एवं भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के कार्यकर्ता देश के विभिन्न हिस्सों में नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चला रहे हैं, ताकि आने वाली पीढ़ी को एक स्वस्थ, सशक्त और स्वाभिमानी भारत मिल सके।

## खबर संक्षेप



### मिठाई में मिलावट से जनता परेशान

**अमानगंज।** त्योहारों के सीजन में बाजारों में बिक रही रेडीमेड मिठाई में भारी मिलावट सामने आ रही है। मिलावटी मिठाई खाने से लोगों के स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है। नागरिकों ने बताया कि कई दुकानों पर घटिया मावा, नकली रंग और मिलावटी घी से मिठाई तैयार की जा रही है। इसके बावजूद प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। आमजन का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो कभी भी बड़ी जनहानि हो सकती है।

### ग्रामीण एवं अजयगढ़ परियोजना की अनंतिम चयन सूची प्रकाशित

**पन्ना।** महिला एवं बाल विकास विभाग पन्ना अंतर्गत बाल विकास परियोजना पन्ना ग्रामीण में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रिक्त 3 पद तथा आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त 73 पद तथा अजयगढ़ परियोजना में कार्यकर्ता के 3 और सहायिका के 85 पद पर भर्ती के लिए एमपी ऑनलाइन के चयन पोर्टल के माध्यम से आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए थे। इसके उपरांत खण्ड स्तरीय चयन समिति द्वारा आवेदनों में संलग्न दस्तावेजों के आधार पर पात्रता एवं अपात्रता के परीक्षण उपरांत पोर्टल पर अनंतिम चयन सूची का प्रकाशन किया गया है। इस संबंध में प्रकाशन तिथि से 7 दिवस तक चयन पोर्टल पर आवेदनकर्ता द्वारा दावा-आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।

### ऋषि पाण्डेय का एल.एन. मेडिकल कॉलेज में चयन



**देवेंद्रनगर।** नगर के सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ने एक बार फिर अपने इतिहास में गौरव का नया अध्याय जोड़ा है। इसी विद्यालय के मेधावी छात्र ऋषि पाण्डेय का चयन भोपाल स्थित एल.एन. मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस पाठ्यक्रम हेतु हुआ है। यह सरस्वती शिशु मंदिर की पहली उपलब्धि नहीं है। इस संस्था ने अपनी स्थापना से लेकर अब तक तीन दर्जन से अधिक विद्यार्थियों को चिकित्सा क्षेत्र (एमबीबीएस एवं अन्य शाखाओं) हेतु तैयार किया है। यह परंपरा इस बात का प्रमाण है कि विद्यालय केवल शिक्षा देने तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रतिभाओं को गढ़ने और उन्हें राष्ट्रीय सेवा के लिए सक्षम बनाने का सतत प्रयास करता आया है। ऋषि के दादा डॉ. नरेंद्रप्रसाद पाण्डेय उत्तर प्रदेश स्वास्थ्य सेवा में चिकित्सक रहे हैं और बरेली से संयुक्त निदेशक के पद से सेवानिवृत्त हुए। ऋषि ने अपनी सफलता का श्रेय दादा जी, नाना श्री श्याम तिवारी, माता-पिता एवं विद्यालय के आचार्य परिवार को दिया। ऋषि के पिता श्री कैलाश पाण्डेय, जो खेती के साथ पत्रकारिता से भी जुड़े हैं, ने भावुक स्वर में कहा- "यह सफलता पूर्वजों और बड़ों के आशीर्वाद का प्रतिफल है। मेरे जीवन का सबसे बड़ा आधार और प्रेरणाश्रोत मेरा अपना सरस्वती शिशु मंदिर है, जहाँ से मैंने भी शिक्षा पाई। इस संस्था ने दशकों से अनेक होनहार विद्यार्थियों को गढ़कर समाज और राष्ट्र को समर्पित किया है।" ऋषि की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, नगरवासियों, पत्रकार विकास परिषद, जीरो सेवा समिति तथा मस्लक-ए-आला हजरत कमेटी सहित अनेक संस्थाओं और गणमान्यजनों ने बधाई व शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं।

### विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की सहायता के लिए कर सकते हैं संपर्क

**पन्ना।** बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड एवं पॉक्सो न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत होने वाले विशेष आवश्यकता वाले बालक-बालिकाओं की सहायता के लिए दुभाषिया, अनुवादक, विशेष शिक्षक, विशेषज्ञ और सहायक व्यक्ति की समय-समय पर आवश्यकता होती है।

## स्वतंत्रता दिवस की उपलक्ष में विश्व बंधुत्व दिवस के दिन पुलिस अधीक्षक सहित पुलिस कर्मचारियों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान





**पन्ना।**

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में पन्ना पुलिस तथा विश्व बन्धुत्व दिवस एवं राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि जी की 18वीं पुण्यतिथि के पावन अवसर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, पन्ना (म.प्र.) के सहयोग से पन्ना पुलिस द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साई कृष्ण एस. थोटा एवं पुलिस टीम के इस मानवीय प्रयास हेतु प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, पन्ना से उपस्थित अमित कुमार गुप्ता एवं श्री सीताराम दुबे द्वारा प्रशंसा की गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा कहा गया कि दृ "स्वतंत्रता दिवस हमें देशसेवा और बलिदान का संदेश देता है, वहीं विश्व बन्धुत्व दिवस हमें मानवता और भाईचारे का मार्ग दिखाता है। रक्तदान एक ऐसा अमूल्य दान है, जो किसी जरूरतमंद को नई जिंदगी प्रदान करता है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साई कृष्णा एस. थोटा,उनि रतीराम प्रजापति,उनि अभिषेक भास्कर, प्र.आर. संतोष तोमर, खेमचन्द राय, गुलाम मोहम्मद, आर. बृजगोपाल बागरी, रमेश पटेल, रामप्रताप राजपूत एवं सुजीत यादव द्वारा स्वेच्छिक रक्तदान किया गया। जापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, पन्ना से उपस्थित अमित कुमार गुप्ता एवं श्री सीताराम दुबे द्वारा कहा गया कि पन्ना पुलिस के इस सामूहिक रक्तदान ने न केवल जरूरतमंदों को जीवनदान देने की राह खोली, बल्कि समाज को यह प्रेरणा भी दी कि "मानवता से बड़ा कोई धर्म नहीं और रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं।" विश्व बन्धुत्व दिवस और दादी प्रकाशमणि जी की पुण्यतिथि पर किया गया यह सेवा कार्य पूरे जिले में भाईचारे, एकता और करुणा का संदेश देने वाला है।

## वन भूमि पर अतिक्रमण के प्रयास विफल, ग्रामीणों को दी गई समझाइश



**सलेहा।**

दक्षिण पन्ना वनमंडल के सलेहा वनपरिक्षेत्र अंतर्गत बीट बिल्हा के पी.एफ. 731 में कुछ व्यक्तियों द्वारा वन भूमि पर खेती करने का प्रयास किया जा रहा था। मुखबिर की सूचना मिलते ही वन अमला तुरंत मौके पर पहुँचा। राजस्व एवं वन सीमा तथा मुनारे स्पष्ट कर ग्रामीणों को समझाया गया और अतिक्रमण के प्रयास को विफल किया गया। इस कार्रवाई के दौरान रेंज ऑफिसर जीतू सिंह बघेल के नेतृत्व में परिक्षेत्र सहायक देवेन्द्र गिरी, वनरक्षक उमाशंकर पाल, रवेंद्र बागरी, मनोज चौरसिया, उदय सिंगरौल एवं अन्य स्टाफ शामिल रहे। टीम द्वारा ग्रामीणों को शांतिपूर्ण ढंग से रोकते हुए भविष्य में वन भूमि पर अतिक्रमण न करने की सख्त समझाइश दी गई।

## विश्व मच्छर दिवस प्रतिवर्ष का तरह इस वर्ष भी किया जायेगा-मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य तिवारी डॉ. आर.पी. तिवारी

**पन्ना।** जिले में 20 अगस्त को आज वि'श्व मच्छर दिवस का आयोजन प्रतिवर्ष की तरह आयोजित किया जायेगा। विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी विष्व मच्छर दिवस में मच्छरों की उत्पत्ति स्थल एवं जीवन चक्र तथा मच्छरों द्वारा फेलने वाली बीमारियों के संबंध में आमजनों को जानकारी प्रदान की जायेगी। मच्छरों के द्वारा मुख्यतः मलेरिया, फलेरिय, डेंगू, चिकनगुनिया, जे.ई. आदि बीमारियों को लेकर लोगों को जागरूक किया जायेगा मच्छरो से फेलने वाली इन बीमारियों से बचाव को लेकर जहां जानकारी प्रदान की जायेगी इतना ही नहीं रूके हुए पानी में



मच्छर अण्डे देता है वहीं मलेरिया फेलाने वाला इनफिलीज मच्छर रूके हुए साफ पानी गड्ढे कुआं, तालाब खेत आदि में एवं फलेरिया फेलाने वाला क्यूिलेक्स मच्छर रूके हुए गंदे पानी गंदे नाले सेप्टिक टेंक नालियों आदि में पैदा होता है। डेंगू फेलाने वाला मच्छर बर्तनों में संग्रहित पानी जैसे टंकी, कूलर, गमले, नारियल के खोले टूटे टायर, फूटे मटके एवं डिब्बे आदि में अण्डे देता है जिले के सभी नागरिको से मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरपी तिवारी ने आग्रह किया है कि विष्व मच्छर दिवस पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखेगें एवं जलभराव की स्थिति निर्मित नहीं होने देगें। तथा प्रति रविवार में एक बार अपने घर में उपस्थित पानी की टंकी कूलर, गमलों, बर्तनों छपपर रखे टायरों एवं अन्य उपयोगी सामग्री में भरे हुए पानी को बदलते रहेगें। जिससे मच्छर से पैदा होने वाली स्थिति निर्मित बीमारियों की न बने। और हम मच्छर जनित बीमारियों से स्वयं व अपने सामुदाय को सुरक्षित रख सकेगें। इस तरह से बचाव हेतु मच्छरदानी का प्रयोग भी करेगें। वहीं पूरी आस्तीन के कपड़े पहनेगें। ताकि विष्व मच्छर दिवस में हम आप सब मच्छरों से पैदा होने वाली बीमारियों से बचाव को लेकर आवष्यक सावधानियों को बरतने के लिए जागरूकता का परिचय देगें।

## जिले को मिले 16 नवीन "डायल 112" वाहन, आपातकालीन सेवाएँ होंगी और अधिक सशक्त व त्वरित

### पुलिस अधीक्षक पन्ना ने विधिपूर्वक पूजा-अर्चना के बाद हरी झंडी दिखाकर किया रवाना





**पन्ना।**

जिलेवासियों की सुरक्षा एवं त्वरित पुलिस सहायता सुनिश्चित करने हेतु पन्ना पुलिस को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त हुई है। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साई. कृष्ण एस. थोटा के सतत प्रयासों एवं पुलिस मुख्यालय भोपाल के सहयोग से जिले को कुल 16 नवीन एफआरवी (डायल-112) वाहन प्राप्त हुए हैं। अब नागरिकों को पुलिस सहायता हेतु पहले के डायल-100 की जगह डायल-112 नंबर का उपयोग करना होगा। डायल-112 राष्ट्रीय आपातकालीन सेवा है, जिसमें पुलिस, फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस, आपदा प्रबंधन और अन्य आपातकालीन एर्जेसियाँ एकीकृत रूप से शामिल हैं। इससे आपात परिस्थितियों में सहायता और प्रतिक्रिया अधिक त्वरित, समन्वित और प्रभावी होगी। अब इन नए वाहनों के जुड़ने से जिले में पुलिस की प्रतिक्रिया समय में सुधार होगा तथा सड़क दुर्घटनाओं, अपराध की सूचनाओं, आगजनी, महिला सुरक्षा संबंधी घटनाओं एवं अन्य आकस्मिक परिस्थितियों में नागरिको को त्वरित पुलिस सहायता उपलब्ध हो सकेगी। प्राप्त नवीन डायल-112 वाहनों के लोकार्पण अवसर पर पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा विधिवत पूजादृअर्चना कर सभी गाड़ियों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान, रक्षित निरीक्षक श्री खिलावन सिंह कंवर, यातायात थाना प्रभारी श्रीमती नीलम लक्ष्यकार, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक श्री रोहित मिश्रा सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक पन्ना ने नवीन वाहनों का निरीक्षण किया तथा जनता को त्वरित एवं प्रभावी पुलिस सहायता उपलब्ध कराने के संकल्प को दोहराया।

**वाहनों की प्रमुख तकनीकी सुविधाएँ -**

ळच्ै ट्रैकिंग सिस्टम कंट्रोल रूम से वाहनों की रियल-टाइम लोकेशन मॉनिटरिंग। वायरलेस और संचार उपकरण तुरंत संवाद एवं सूचना साझा करने में सहायक। प्राथमिक उपचार (थ्पतेज ।पक) किट- दुर्घटनाओं व आपात स्थितियों में त्वरित चिकित्सा सहायता। सायरन एवं पब्लिक एड्रेस सिस्टम दृ भीड़ नियंत्रण व त्वरित प्रतिक्रिया हेतु। उच्च गति व सुरक्षित डिजाइन- घटनास्थल तक समय पर पहुँचने में सक्षम। सुरक्षा उपकरण - अपराधियों पर नज़र रखने एवं गिरफ्तारी में सहयोगी। इन सुविधाओं से न केवल पुलिस बल की क्षमता बढ़ेगी, बल्कि "गोल्डन आवर" में नागरिकों को आवश्यक सहयोग शीघ्र मिल सकेगा।

**पुलिस अधीक्षक पन्ना का संदेश-**

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक पन्ना ने जिले की जनता से अपील की कि "अब जिलेवासी किसी भी आपातकालीन स्थिति में डायल-112 का उपयोग करें। पुलिस का प्रत्येक वाहन हर समय तत्पर है। नागरिकों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। नागरिक आकस्मिक परिस्थितियों में तुरंत 112 नंबर पर कॉल कर सहायता प्राप्त करें और पुलिस को अपना सहयोग प्रदान करें।

## उप स्वास्थ्य केंद्र बोरी पर ताला, ग्रामीणों में आक्रोश



**पन्ना।**

शाहनगर स्वास्थ्य केंद्र के बोरी ग्राम का उप स्वास्थ्य केंद्र मे पिछले 15 अगस्त से लगातार ताला बंद है। स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित ग्रामीणों ने नाराजगी जाहिर करते हुए आरोप लगाया कि जिम्मेदार स्वास्थ्यकर्मी महीनों से केंद्र पर ताला लटकाए हुए हैं, जिससे इलाज के लिए मरीजों को दूर-दराज जाना पड़ रहा है। जिसकी बजह से मज़बूरी मे लोगो को झोलाछाप डॉक्टर से इलाज करवाना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि केंद्र के न खुलने से बीमार मरीजों, गर्भवती महिलाओं और छोटे बच्चों को समय पर इलाज नहीं मिल पा रहा है। मजबूरी में लोग प्राइवेट क्लीनिकों और झोलाछाप डॉक्टरों के पास जाने को विवश हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कई बार इस समस्या की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी गई, लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उप स्वास्थ्य केंद्र को नियमित रूप से नहीं खोला गया तो वे सामूहिक रूप से आंदोलन करेंगे और जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग करेंगे। सरकार द्वारा भले ही लोगो के स्वास्थ्य के लिए करोडो रूपये खर्च कर ग्रामीण क्षेत्रो मे उपस्वास्थ केंन्द्रो का निर्माण कार्य करवा दिया हो परन्तु वहां पर पदस्थ लापरवाह कर्मचारीयों कि बजह से लोगो को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस ओर जिम्मेदारो कि भी लापरवाही का ही नतीजा है।

**इनका कहना है-**

मुझे अभी जानकारी प्राप्त हुई है. किसी के द्वारा जानकारी नहीं दी गई है। सम्बंधित कर्मचारीयों से बात कर जानकरी लेता हु।लापरवाही पायी जाएगी तो अवश्यक कार्यवाही कि जाएगी।

**सर्वश लोधी**
**बी.एम.ओ. शाहनगर**

## दिल्ली से खजुराहो फ्लाईट यथावत संचालित रखने को लेकर खजुराहो सांसद ने नागरिक विमामन मंत्री भारत सरकार किंजारापू राममोहन नायडू से मिलकर रखी मांग

**पन्ना।**



खजुराहो सांसद बी.डी. शर्मा दिल्ली से खजुराहो फ्लिाईट यथावत संचालित किये जाने को लेकर रूबरू होकर नागरिक विमामन मंत्रालय के मंत्री किंजारापू राममोहन नायडू से मिलकर अपने संसदीय क्षेत्र खजुराहो को लेकर विषेष मुलाकात के जरिये अपनी बात रखी मांग के रूप में। गौरतबल बात यह है कि आपने जो बात रखी है उसमें संसदीय क्षेत्र खजुराहो जाकि विष्व का एतिहासिक एवं प्रमुख पयर्टक स्थल होने के साथ-साथ वर्ल्ड हेरिटेज साईट है। जहां माननीय प्रधानमंत्री नारेन्द्र मोदी द्वारा चयनित देष के प्रमुख आईकोनिक सिटी में शामिल है। पुरातात्विक धरोहर के साथ-साथ पास में स्थित पन्ना टाईगर रिजर्व को देखने देष व विदेष से प्रतिवर्ष लाखों की संख्या में पयर्टक आते है। तथा बागेष्वर जोकि धार्मिक आस्था का बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है। यहां लोगों का निरंतर आवागमन लगा रहता है। जिसकी वजह से दिल्ली से खजुराहो फ्लिाईट निरंतर फुल रहती है किन्तु समर सीजन के कारण ये फ्लिाईट बंद कर दी जाती है। जिस कारण पर्यटकों को भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। अतः दिल्ली से खजुराहो फ्लिाईट यथावत संचालित रखने को लेकर आवष्यक निर्देष करने को लेकर खजुराहो सांसद बी.डी. शर्मा ने अपनी मांग स्वयं मंत्री नागरिक विमामन मंत्रालय भारत सरकार किंजारापू राममोहन नायडू से यह बात रखी। ताकि निरंतर फ्लिाईट सेवा संचालित रहे। जिससे यात्रियों को समस्या व असुविधा का सामने न करना पड़े। इस तरह से खजुराहो सांसद बी.डी. शर्मा ने समय को ध्यान में रखते हुए यह जरूरी फ्लिाईट सेवा खजुराहो से दिल्ली यथावत रखने की बात रखी है।

### श्री कृष्ण और बलराम शोभा यात्रा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विशाल रैली का हुआ भव्य आयोजन



**पन्ना।** साहब यादव की अध्यक्षता आयोजक रवि यादव के मार्गदर्शन में सुबह से ही नगर में धार्मिक वातावरण बना रहा रैली की शुरुआत बगरोड़ से हुई और झांकियों का आयोजन नगर रेपूरा में हुआ जहां श्रद्धालु ने पूजा अर्चना कर भगवान श्री कृष्णा और बलराम की झांकियों के दर्शन किए इसके पश्चात आकर्षक झांकियां बैंड बाजों और सांस्कृतिक टोली के साथ यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए मार्केट स्थल पहुंची मंच पर स्थानीय कलाकारों द्वारा श्री कृष्ण की बाल लीला और रासलीला और भजन संध्या की भावपूर्ण प्रस्तुतियां दी गई इस कार्यक्रम संपूर्ण क्षेत्र के लोगों की उपस्थिति हेतु क्या कुछ कहा कार्यक्रम के आयोजक रवि यादव ने कहा कृष्ण बलराम शोभा यात्रा सभी समाज की है।

## खबर संक्षेप

### संकल्प स्वच्छ सुरक्षित अभियान का हुआ समापन

**खजुराहो।** मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड और आधार संस्था द्वारा 9 से 19 अगस्त 2025 तक चलाए गए संकल्प स्वच्छ सुरक्षित अभियान का मंगलवार को समापन हुआ। इस अभियान के तहत रेलवे स्टेशन, पुलिस स्टेशन, ऑटो ड्राइवरों और पर्यटकों के साथ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें महिलाओं और पर्यटकों की सुरक्षा को बढ़ावा देने और स्वच्छ पर्यटन स्थल बनाने पर जोर दिया गया। रक्षाबंधन के अवसर पर रक्षा सूत्र बांधकर सुरक्षा का संदेश भी दिया गया। मंगलवार को खजुराहो के रेलवे स्टेशन, पुलिस स्टेशन और स्थानीय ऑटो ड्राइवरों के साथ आयोजित कार्यक्रम में पर्यटकों को सुरक्षित और स्वच्छ पर्यटन अनुभव प्रदान करने का संदेश दिया गया। रेलवे पुलिस के अधिकारी राजीव सर ने बताया कि ट्रेन में यात्रा के दौरान सावधानियां बरतने, मानव तस्करी और बाल तस्करी से बचाव, और बिना कारण चेन न खींचने की सलाह दी गई। साथ ही, किसी भी परेशानी में रेलवे पुलिस से तुरंत संपर्क करने की जानकारी दी गई। खजुराहो पुलिस स्टेशन में अधिकारियों ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए टोल-फ्री नंबर जैसे 100, 112 और 1090 के बारे में बताया, और आश्वासन दिया कि कोई भी परेशानी होने पर पुलिस तत्काल सहायता करेगी। ऑटो ड्राइवरों को भी पर्यटकों के साथ सहयोगात्मक और सम्मानजनक व्यवहार करने की सलाह दी गई। रक्षाबंधन के अवसर पर रक्षा सूत्र बांधकर सुरक्षा और भाईचारे का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में रेलवे पुलिस के राजीव सर, खजुराहो पुलिस स्टेशन के अधिकारी, पर्यटक, ऑटो ड्राइवर, आधार संस्था की क्लस्टर कोऑर्डिनेटर सपना शुक्ला और अन्य सदस्य उपस्थित रहे। यह अभियान खजुराहो को एक सुरक्षित और स्वच्छ पर्यटन स्थल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम रहा, जो महिलाओं की सुरक्षा और पर्यटकों के सकारात्मक अनुभव को सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित करता है।

### ईशानगर के शासकीय स्कूल में पुलिस ने छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

**छतरपुर।** ईशानगर में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पुलिस ने छात्र-छात्राओं के साथ संवाद कर अपराधों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सड़क सुरक्षा पर जोर दिया। थाना प्रभारी ने बच्चों को अपराध की सूचना तुरंत पुलिस को देने और सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी से बचने की सलाह दी। मंगलवार, 19 अगस्त 2025 को ईशानगर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में थाना प्रभारी शैलेंद्र सक्सेना ने सैकड़ों छात्र-छात्राओं से संवाद किया। उन्होंने अपराधों के खिलाफ सतर्क रहने और तत्काल पुलिस को सूचित करने की अपील की, ताकि अपराधों की रोकथाम और अपराधियों पर कार्रवाई हो सके। पुलिस की कार्यप्रणाली से अवगत कराते हुए उन्होंने महिला हेल्पलाइन और अन्य सहायता सेवाओं की जानकारी दी। सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए छात्र-छात्राओं को वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग करने और अपने परिवार वालों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने की समझाइश दी। सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी के झांसे में न आने की सलाह भी दी गई। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने कई सवाल पूछे, जिनका थाना प्रभारी ने जवाब दिया। कार्यक्रम में प्रधान आरक्षक जगवेंद्र सिंह, रतिराम प्रजापति, प्राचार्य खिलाड़ी लाल राय, शिक्षक कमलेश त्रिपाठी, महेश गुप्ता और विद्यालय स्टाफ के साथ-साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। यह अभियान क्षेत्र के स्कूलों में पुलिस द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रम का हिस्सा है।

## सही सीमांकन और आरोपियों पर कार्रवाई की मांग

# किसानों की पुश्तैनी जमीन पर हुआ कब्जा, कलेक्टर के पास पहुंचा मामला

**छतरपुर।** सटई में कुछ किसानों की पुश्तैनी जमीन पर गांव के ही कुछ लोगों द्वारा जबरन कब्जा किए जाने और विरोध करने पर मारपीट तथा जान से मारने की धमकी मिलने का गंभीर मामला मंगलवार को जनसुनवाई में सामने आया है। उक्त मामले के पीड़ित पक्ष ने जनसुनवाई में कलेक्टर को आवेदन देकर संबंधित भूमि का सही सीमांकन कराने और आरोपियों पर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। सटई निवासी परशू कुशवाहा ने बताया कि जिस भूमि को लेकर विवाद है, वह सटई-छतरपुर मुख्य सड़क के किनारे पर मौजूद है। पूर्वजों के समय से यहां कृषि कार्य किया जाता रहा। पूर्वजों के निधन के बाद विधिवत भूमि का नामांतरण भी कराया गया, लेकिन पिछले कुछ समय से खेती न होने के कारण भूमि खाली पड़ी थी, जिसका फायदा उठाकर गांव के कारेलाल, बालकिशन, नारायणदास, भागीरथ, रामप्यारे, छोटेलाल, अनारी, नत्थु, कन्छेदी सहित करीब दो दर्जन लोगों ने जमीन पर कब्जा कर लिया। गत 9 अगस्त को जब भू-स्वामियों ने कब्जे का विरोध किया, तो सभी आरोपियों ने एकजुट होकर लाठी, डंडे,



कुल्हाड़ी से मारपीट की। वहीं बालकिशन कुशवाहा ने अपनी लाइसेंसी बंदूक दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित हजारी, धनीराम, लच्छू, पूरनलाल, हिम्मत, शीराम, दयाराम और हेमराज कुशवाहा ने मांग की है कि भूमि का सही सीमांकन और तरमीम कराई जाए तथा आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।



युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष पर दर्ज हुआ मामला

## सड़क पर उतरे संगठन के लोग रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन

छतरपुर। छतरपुर के कोतवाली थाना में पिछले दिनों युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष पर एक आपराधिक मामला दर्ज किया गया है, जिसका लगातार विरोध जारी है। आरोप है कि राजनैतिक द्वेष भावना के चलते षडयंत्र पूर्वक विधानसभा अध्यक्ष पर मामला दर्ज कराया गया है।

मंगलवार को युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने जिला मुख्यालय पर कांग्रेस कार्यालय से कलेक्टर कार्यालय तक रैली निकाली और कलेक्टर को ज्ञापन देकर मामले की निष्पक्ष जांच कराकर विधानसभा अध्यक्ष के साथ न्याय करने की मांग की।

युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष लोकेंद्र वर्मा ने बताया कि पुष्पेंद्र कुशवाहा युवा कांग्रेस के छतरपुर विधानसभा अध्यक्ष हैं तथा शहर के वार्ड 38 से उनकी माताजी काशीबाई कुशवाहा पार्षद हैं। चूंकि पुष्पेंद्र कुशवाहा समय-समय पर अव्यवस्थाओं के खिलाफ नगर पालिका की शिकायतें करते आए हैं, जिस कारण से नगर पालिका के एक कर्मचारी ने पिछले दिनों पुष्पेन्द्र के ऊपर कोतवाली थाना में झूठा मामला दर्ज करा दिया है। लोकेन्द्र ने बताया कि यह मामला पूर्णतः आधारहीन एवं राजनैतिक द्वेषभावना से प्रेरित है। पुष्पेंद्र कुशवाहा का व्यक्तित्व शांतिप्रिय है, और उनकी छवि सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय रहने वाले युवा की है। लोकेन्द्र ने ज्ञापन सौंपकर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग से मांग की है कि इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराकर पुष्पेन्द्र कुशवाहा के साथ न्याय किया जाए।

## लाइसेंसी बंदूक की सफाई के दौरान चली गोली, गंभीर रूप से जख्मी हुआ वृद्ध



**छतरपुर।** राजनगर थाना क्षेत्र के नांद गांव में लाइसेंसी बंदूक की सफाई के दौरान गोली चलने से एक वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को स्थानीय अस्पताल मे प्राथमिक उपचार दिए जाने के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। नांद निवासी कुलदीप यादव ने बताया कि उसके 62 वर्षीय पिता रामेश्वर सिंह यादव अपनी 12 बोर की लाइसेंसी बंदूक की सफाई कर रहे थे। इसी दौरान अचानक गोली चल गई, जो उनके जबड़े को चीरती हुई निकल गई। हादसे के बाद परिवार के लोग उन्हें तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले गए, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में डॉ. मनोज चौधरी उनका इलाज कर रहे हैं, फिलहाल घायल की हालत गंभीर है।

## धर्मशाला और गोदाम निर्माण के बहाने हड़पे लाखों रुपये, एसपी के पास पहुंचा पीड़ित

### जर्मन एनआरआई ने सगे भाइयों पर लगाए पैसे और पैतृक संपत्ति हड़पने के आरोप



**छतरपुर।** मंगलवार को एक जर्मन एनआरआई ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर अपने चार सगे भाइयों पर पैतृक संपत्ति और पैसे हड़पने का गंभीर आरोप लगाया है। आवेदक का कहना है कि भाइयों ने योजना बनाकर उसके साथ छल किया और लाखों रुपये ऐंठ लिए। एनआरआई ने निष्पक्ष जांच और क्षतिपूर्ति की मांग की है। मूलतः ओरछा रोड थना क्षेत्र के ग्राम गौरगांय के रहने वाले सुरेश कुमार रिछारिया ने बताया कि वह 1990 से जर्मनी में रहते हैं और वहां की नागरिकता के साथ ओसीआई कार्ड धारक हैं। उनके पैतृक गांव गौरगांय में पैतृक संपत्ति है। सुरेश के मुताबिक उसके सगे भाई वीरेंद्र रिछारिया, महेश रिछारिया, ब्रजेश रिछारिया और रविन्द्र रिछारिया ने संगठित रूप से योजना बनाकर उनकी संपत्ति हड़प ली है। वर्ष 2002 में एक भाई ने फोन पर बताया कि गौरगांय में उनके हिस्से की जमीन पर धर्मशाला बनानी है, जो उनकी ही रहेगी। इसके लिए उन्होंने पैसे मांगे, जिस पर सुरेश ने खजुराहो के एसबीआई एनआरआई खाते में पैसे डाले। जुगल गुप्ता, निवासी छतरपुर ने उनके हस्ताक्षरित चेक से पैसे निकालकर भाइयों को दिए। इस पैसे से 32 कमरों वाली धर्मशाला बनाई गई, लेकिन बाद में पता चला कि यह उनके हिस्से की जमीन पर नहीं, बल्कि शामिल नंबरों पर बनी है। इसके अलावा, गोदाम निर्माण के बहाने 12 लाख रुपये भी ऐंठे गए। सुरेश ने मांग की है कि आरोपियों पर उचित दंडात्मक कार्रवाई की जाए और उनकी क्षति की पूर्ति कराई जाए।



### 10 वर्षीय बच्ची को सोते समय सांप ने काटा, मौत

**छतरपुर।** किशनगढ़ थाना क्षेत्र के कूपी गांव में 10 वर्षीय बच्ची की सर्पदंश से मौत का मामला सामने आया है। बताया गया है कि बच्ची अपने परिवार के साथ घर में सो रही थी, तभी रात में सांप ने उसे डस लिया। परिजन इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल लाए, लेकिन इलाज के दौरान बच्ची ने दम तोड़ दिया। कूपी निवासी देशराज यादव ने बताया कि उसकी 10 वर्षीय पुत्री परिवार के साथ सो रही थी। रात के वक्त एक जहरीले सांप ने उसे काट लिया। उसकी चीख सुनकर परिजन जागे और तुरंत बिजावर उप स्वास्थ्य केंद्र ले गए। हालत गंभीर होने के कारण बच्ची को छतरपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां इलाज के दौरान बच्ची की मृत्यु हो गई।

# महिला ने पुलिस कर्मियों पर लगाए प्रताड़ना के आरोप

### पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर लगाई न्याय की गुहार



**छतरपुर।** मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची एक महिला ने भोपाल में पदस्थ महिला पुलिसकर्मी और छतरपुर के कोतवाली थाना प्रभारी पर उसके परिवार को परेशान करने, गाली-गलौज, पैसे मांगने और पति को जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। महिला का दावा है कि पुलिस ने उसके पति को अकारण थाने लेकर पीटा और रिहाई के बदले पैसे लिए हैं।छतरपुर के वार्ड 24 की रहने वाली नीतू सिंह ऊर्फ व्योमवाला पत्नी मुकेश सिंह ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर बताया कि भोपाल में पदस्थ महिला आरक्षक सोनाली नायक के कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद दांगी और सिपाही नरेंद्र से अच्छे संबंध हैं। नीतू के मुताबिक सोनाली नायक का उसके पति मुकेश सिंह से पैसों का लेनदेन है। गत 25 जून को सोनाली ने अपने संबंधों और पुलिसकर्मी होने का फायदा उठाकर कोतवाली पुलिस की मदद से मुकेश को थाने में रात भर पिटवाया और झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। इतना ही नहीं थाना प्रभारी अरविंद द्वारा सिपाही अजय सिंह को उसके घर भेजकर परिवार को प्रताड़ित किया जा रहा है। नीतू सिंह का आरोप है कि कुछ दिन पहले कोतवाली पुलिस ने उसके पति मुकेश को गिरफ्तार किया था और उसकी रिहाई के एवज में 40 हजार रुपये लिए थे। पुलिस ने तीन लाख रुपए की और मांग की थी, जो कि 15 अगस्त तक देने थे, लेकिन जब पैसे नहीं दिए गए तो 16 अगस्त को कोतवाली पुलिस उसके घर आई थी। उसी दिन से नीतू सिंह का पति मुकेश लापता है। नीतू सिंह ने कहा कि यदि उसके पति और परिवार के साथ कोई अप्रिय घटना होती है, तो इसकी जिम्मेदारी थाना प्रभारी तथा सोनाली की होगी। इसके साथ ही नीतू ने पुलिस अधीक्षक से मामले की जांच कराने और उसके साथ न्याय करने की मांग की है।

## जन्माष्टमी समारोह में शामिल होने आ सकते हैं मुख्यमंत्री

विधायक ने कलेक्टर और एसपी के साथ लिया आयोजन स्थल का जायजा



**छतरपुर।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में आगामी 31 अगस्त को जिला मुख्यालय पर विशाल कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा है, जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आगमन भी प्रस्तावित है। मंगलवार को छतरपुर विधायक ललिता यादव, कलेक्टर पार्थ जैसवाल और पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने आयोजन स्थल मेला ग्राउंड का निरीक्षण किया। विधायक ललिता यादव ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी श्री कृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन बड़े धूमधाम से किया जा रहा है। 31 अगस्त को होने वाले इस कार्यक्रम में विशाल शोभायात्रा और मंचीय कार्यक्रमों का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि उक्त जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आगमन प्रस्तावित है, जिससे आयोजन की भव्यता और अ?धिक बढ़ जाएगी। विधायक श्रीमती यादव ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान एक विशेष सौगात के रूप में भगवान कृष्ण धाम के भव्य मंदिर का भूमि पूजन भी किया जाएगा। विधायक ने सभी धर्मप्रेमियों से अपील की कि वे इस आयोजन में शामिल होकर इसे सफल बनाएं।

# युगांडा की प्रधानमंत्री ने कहा: यहां भी बने बागेश्वर धाम मठ

**बागेश्वर महाराज के मानवता के कार्यों को सराहा, किया सम्मान**

**महाराज श्री ने संसद परिसर में की प्रधानमंत्री से भेंट, फहराया सनातन का परचम**



**छतरपुर। दुनिया भर में आस्था का केंद्र बना बागेश्वर धाम अब सनातन संस्कृति और सनातनी गतिविधियों के प्रचार प्रसार का केंद्र भी बन गया है। दुनिया भर के सनातनी बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहे हैं। बदलते परिदृश्य में सनातनियों में एकजुटता का भाव पैदा हो रहा है। बागेश्वर महराज ने युगांडा में भी सनातन का परचम लहराया। युगांडा की प्रधानमंत्री ने महाराज श्री से आग्रह किया कि युगांडा की उन्नति और उत्थान के लिए यहां बागेश्वर सनातन मठ बनाएं। युगांडा की प्रधानमंत्री ने बागेश्वर महाराज द्वारा चलाए जा रहे नर सेवा नारायण सेवा के संकल्पों की सराहना की और उनका सम्मान किया।**

बुंदेलखंड के गौरव बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर महाराज श्री ने अफ्रीकी देश युगांडा में भी भारत का मान बढ़ाया। तीन दिवसीय श्री हनुमंत कथा के बाद युगांडा की प्रधानमंत्री श्रीमती रोबिना नब्बांजा से महाराज श्री की भेंट हुई। प्रधानमंत्री ने जब बागेश्वर महाराज के मानवता के कार्यों के बारे में जाना तो उन्होंने इसकी सराहना की। प्रधानमंत्री को बताया गया कि गरीब बेटियों के लिए बागेश्वर धाम से विवाह की व्यवस्था की जाती है, हर रोज हजारों लोगों के लिए अन्नपूर्णा चल रही है, जरूरतमंद मरीजों के लिए कैंसर अस्पताल जैसे संकल्प आगे बढ़ाये जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने युगांडा की बेहतरी के लिए बालाजी सरकार का आशीर्वाद मांगा और अपनी अर्जी लगाई। इसके साथ ही उन्होंने पूज्य महाराज श्री से युगांडा की उन्नति और उत्थान के लिए बागेश्वर धाम मठ बनाने के लिए भी आमंत्रित किया। इस अवसर पर उद्योगपति डॉ सुधीर रूपरेला, भारतीय समुदाय के अध्यक्ष परेश मेहता, पूर्व सांसद संजय तन्ना, दीपक दोराता, राजस्थानी एसोसिएशन उपस्थित रहा।

### विश्व शांति के लिए भारतीय जीवन शैली और सनातन का मार्ग सर्वश्रेष्ठ: बागेश्वर महाराज

युगांडा की प्रधानमंत्री से भेंट के दौरान बागेश्वर महाराज ने कहा कि एक सनातनी ही संपूर्ण विश्व को अपना परिवार मानकर उसके कल्याण की कामना करता है। हमें ऐसी महान संस्कृति को समझने और अपनाने की जरूरत है। महाराज श्री ने युगांडा की प्रधानमंत्री को बागेश्वर धाम आने का निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि विश्व शांति के लिए भारतीय जीवन शैली और सनातन का मार्ग ही सर्वश्रेष्ठ मार्ग है। आज दुनिया के तमाम लोग सनातन संस्कृति को जानने और इस संस्कृति में रहने का प्रयास भी कर रहा है। महाराज श्री ने कहा कि समूचे विश्व में जो लोग मानवता के लिए कार्य कर रहे हैं बागेश्वर धाम उन सब के प्रति सम्मान रखता है।

## रुक्मणी विवाह का प्रसंग सुनने उमड़ा जन सैलाब



**छतरपुर।** शहर के नरसिंह मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में बीती शाम रुक्मणी विवाह का प्रसंग कथा व्यास ने सुनाया, साथ ही विवाह लीला का मंचन भी हुआ, जिसने श्रद्धालुओं को भक्ति रस में डुबो दिया। कथा श्रवण करने बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने राधा-कृष्ण की झांकी के साथ जमकर फूलों की होली खेली।

आयोजन समिति ने बताया कि नरसिंह मंदिर में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन में महंत सुदर्शनशरण महाराज ने बीते रोज गोपी जी के मथुरा आगमन, कंस उद्धार और रुक्मणी विवाह की लीलाओं का मनमोहक वर्णन किया। रुक्मणी विवाह के लिए सजाई गई राधा-कृष्ण की झांकी और फूलों की होली आकर्षण का केन्द्र बनी। आयोजन में छतरपुर विधायक ललिता यादव, राजनगर विधायक अरविंद पटैरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष विद्या अग्निहोत्री, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र प्रताप सिंह और किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष बॉबी राजा ने प्रमुख रूप से शामिल होकर आरती में हिस्सा लिया। उल्लेखनीय है कि नरसिंह मंदिर में चल रहे इस धार्मिक आयोजन का आज यानि कि 20 अगस्त को हवन-पूजन और विशाल भंडारे के साथ समापन होगा। आयोजन समिति ने धर्मप्रेमियों से शामिल होकर पुण्यलाभ अर्जित करने की अपील की है।

## पति के दोस्त ने महिला को बनाया हवस का शिकार



**छतरपुर।** एक शादीशुदा महिला ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर अपने पति के दोस्त पर जबरन दुष्कृत्य करने, गाली-गलौज करने और पति को जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित महिला ने बताया कि वह शादीशुदा है और उसका विवाह गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र के ग्राम उर्दमऊ में हुआ था। वर्तमान में वह छतरपुर के नारायणपुरा रोड पर किराए के मकान में रहती है। उसका पति भेलगांव में गढ़ीमलहरा निवासी संस्कार पुत्र भानु कुमार अरजरिया के साथ नौकरी करता है। तीन महीने पहले वह भेलगांव अपने पति से मिलने गई थी, जहां उसकी मुलाकात संस्कार से हुई। परिचय के कारण संस्कार उसके घर आने-जाने लगा। एक दिन संस्कार ने उसने प्रेम का इजहार कर शादी की इच्छा जताई, जिसे महिला ने शादीशुदा होने के कारण ठुकरा दिया। इसके बाद करीब एक माह पहले संस्कार रात को उसके घर आया और बाहर से आने का बहाना बनाकर रुकने की अनुमति मांगी। परिचय के कारण महिला ने उसे रुकने दिया, लेकिन उसी रात संस्कार ने महिला को पति की हत्या करने की धमकी देकर जबरन दुष्कृत्य किया। महिला ने अपने पति को पूरी घटना बताई, जिसके बाद पति के कहने पर उसने ओरछा रोड थान में शिकायत दर्ज कराई थी, जिस पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से संस्कार अरजरिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

## ग्वाल-वालों ने मटकी फोड़कर मनाई श्री कृष्ण जन्माष्टमी



**महाराजपुर।** नगर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व परंपरागत तरीके से उत्साह के साथ मनाया गया। ग्वाल-वालों ने दही की हांडियों को फोड़ा और विशाल शोभायात्रा निकालकर भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव की खुशियां मनाईं।

श्री कृष्ण बाल जन्मोत्सव समिति के तत्वावधान में बस स्टैंड से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। गणेश वंदना और श्री कृष्ण की आरती के साथ रैली का शुभारंभ हुआ, जिसमें घोड़े, डीजे, ढोल-नगाड़े की धुन पर थिरकते हुए गणमान्य लोग शामिल रहे। रास्ते में नगरवासियों ने अपने घरों के सामने 12 से 15 फीट की ऊंचाई पर रस्सी से दही हांडियां बांधीं, जिनमें माखन, छाछ, दही, आठवाई, पंजीरी या नगद इनाम रखे गए। ग्वाल-वालों की टोलियों ने समूह बनाकर सैकड़ों मटकियों को क्रम से फोड़ा, जिसे देखने के लिए क्षेत्रवासियों का सैलाब उमड़ पड़ा। थाना प्रभारी डीके सिंह ने पुलिस बल के साथ शांतिपूर्ण ढंग से आयोजन संपन्न कराया।

**हिंदू एकता और सनातन संस्कृति का संदेश देने की 650 किमी की पदयात्रा**



### हम सब हिंदू भाई-भाई का नारा लगाते बागेश्वर धाम पहुंचे धार के भक्त

**छतरपुर।** प्रदेश के धार जिले से बागेश्वर धाम तक करीब 650 किलोमीटर की संस्कार संस्कृति कर्तव्य पथ यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने हिंदू एकता और हिंदू राष्ट्र के समर्थन में जोश के साथ कदम बढ़ाए हैं। यह पदयात्रा सनातन संस्कृति को बढ़ावा देने और जात-पात के भेद को मिटाने का संदेश लेकर बागेश्वर धाम पहुंची है। पदयात्रियों ने बताया कि धार जिले से शुरू हुई उनकी भव्य पदयात्रा छतरपुर के बागेश्वर धाम पहुंची है। इस दौरान जात-पात की करो विदाई, हम सब हिंदू भाई-भाई और हिंदू राष्ट्र के समर्थन में नारे लगाते हुए श्रद्धालु उत्साह के साथ आगे बढ़े। यात्रा के संयोजक राजू पंडित, नारायण पाटीदार, ओम प्रकाश पाटीदार, शुभम राय, भागीरथ, सुनील, लोमेश, सुनील बैरागी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस धार्मिक और सांस्कृतिक यात्रा का हिस्सा बने। यह पदयात्रा सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करने का प्रतीक है।

**खबर संक्षेप**

## किसानों की आमदनी दोगुनी तो नहीं हुई जो भी है गंवा रहे किसान- सीमा जयवीर सिंह



**मऊगंज।** पूरे देश, प्रदेश में किसानों की आय दोगुनी करने का ढिंढोरा पीटा जा रहा है इस ढिंढोरा से किसान अब पूरी तरह बर्बाद हो चुका है, उक्त बातें इंजी जयवीर सिंह सेंगर प्रदेश महासचिव बहुजन समाज पार्टी व श्रीमती सीमा जयवीर सिंह सेंगर विधानसभा प्रभारी एवं पूर्व प्रत्याशी बीएसपी देवतालाब ने संयुक्त बयान में बताया कि आज ज़िले और क्षेत्रीय किसानों की सरकार ने कमर ही तोड दिया वहीं पहले बीज के लिए अरबों रुपए खर्च कर रही है और बीज किसी को नहीं मिलता कहीं से भी जुगाड कर भी लिया तो अब खाद के लिए बड़ी चुनौती बन गया है आज क्षेत्र भर का नहीं पूरे प्रदेश में किसानों को खाद को लाले पड़ गए और बाजार में लुटने के लिए किसान परिवार को छोड़ दिया, साथ ही पूरी रात जागकर सीमा जैसी पहरे दारी कर कर आवारा मवेशियों से बचना भी बड़ी चुनौती है,आज हमारे किसान भाई को सम्मान निधि को देकर ठग रही है सरकार वहीं किसान परिवार भी ठगी का शिकार हो गया है,श्री सिंह ने कहा कि आज किसानों की हालत खाद को लेकर जंग छिड़ी हुई है ऐसी सरकार को अपने नैतिकता को ध्यान नहीं है बस योजनाओं देकर दौड़ा रहे हैं अब किसान भाई को भी समझ में आ गया है।

## मुस्लिम समाज के लोगों ने एसपी को सौपा ज्ञापन

**रीवा ।** जिले के गुढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत गोरगी स्थित एक दरगाह में हाल ही में हुई तोड़फोड़ और धार्मिक प्रतीक के अनधिकृत प्रदर्शन के बाद अब सोशल मीडिया पर फैल रही आपत्तिजनक और भड़काऊ टिप्पणियों से मुस्लिम समुदाय में गहरी नाराज़गी देखने को मिल रही है। सोमवार को समुदाय के प्रतिनिधियों ने इस संबंध में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की। समुदाय के वरिष्ठजनों ने ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन को अवगत कराया कि घटना के बाद कुछ असामाजिक तत्व सोशल मीडिया का उपयोग कर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले आपत्तिजनक कमेंट्स कर रहे हैं। इनमें कुछ टिप्पणियां इस्लाम धर्म के पैग़म्बर के खिलाफ आपत्तिजनक और उकसाने वाली हैं, जिससे क्षेत्र में पुनः तनाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। ज्ञापन में कहा गया है कि गोरगी की दरगाह में हुए कृत्य के बाद जिस प्रकार पुलिस और प्रशासन ने तेजी से कार्रवाई करते हुए आरोपियों को कुछ ही घंटों में हिरासत में लिया, उससे सामुदायिक विश्वास को बल मिला है। लेकिन अब सोशल मीडिया पर की जा रही टिप्पणियों से शांति और सौहार्द के माहौल पर खतरा मंडराने लगा है। समुदाय के लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे सोशल मीडिया अकाउंट्स की तत्काल जांच कर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए, जिससे भविष्य में कोई भी व्यक्ति इस प्रकार के कृत्यों से समाज में वैमनस्य फैलाने का दुस्साहस न कर सके। वहीं, इस मामले पर पुलिस अधीक्षक ने प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि सोशल मीडिया गतिविधियों पर निगरानी रखी जा रही है और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर दोषियों को चिन्हित कर उचित धाराओं में कार्रवाई की जाएगी।

### जगह-जगह उखड़ी सड़क, निकली छड़ें, टूटा स्पीड ब्रेकर, दोपहिया वाहन चालकों को बना रहता है खतरा

# तीन साल में ही 34 करोड़ की लागत से बनी रेलवे ओवर ब्रिज बनी जानलेवा, समान फ्लाईओवर की हालत और भी बदतर

**रीवा ।** जिन उम्मीदों के साथ रीवा शहर को जाम और रेलवे फाटकों से निजात दिलाने के लिए करोड़ों रुपये की लागत से रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण किया गया था, वही पुल आज लोगों के लिए मुसीबत का कारण बनता जा रहा है। 34 करोड़ रुपए की लागत से तैयार यह ब्रिज महज तीन साल में ही जर्जर हो चुका है। सड़क की सतह कई जगहों से उखड़ चुकी है, लोहे की छड़ें बाहर निकल आई हैं, स्पीड ब्रेकर टूटकर खतरनाक बन चुके हैं, बता दे 29 जून 2022 को आचार संहिता के बीच सादगी से लोकार्पित इस पुल को रीवा के शहरी विकास की बड़ी उपलब्धि माना गया था।





शहरवासियों को उम्मीद थी कि यह पुल जाम और ट्रैफिक दबाव से राहत दिलाएगा। शुरुआत में इसकी चमक-दमक ने लोगों को प्रभावित भी किया, लेकिन जैसे-जैसे समय बीता, ब्रिज की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे। आज हालत यह है कि इस ब्रिज से गुजरना विशेषकर दोपहिया चालकों के लिए जोखिम भरा हो गया है। ब्रिज की सतह से जगह-जगह निकली लोहे की छड़ें दोपहिया वाहनों के टायरों को पंचर कर रही हैं। कई स्थानों पर तो पूरा का पूरा पैच ही उखड़ चुका है। दिन में तो लोग इन गड्ढों को देख बचाव कर लेते हैं, लेकिन रात के समय यही गड्ढे दुर्घटनाओं की वजह बन रहे हैं। ऐसी कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जब अचानक सामने आए गड्ढों से वाहन असंतुलित होकर गिर पड़े। और अस्पताल पहुंच गए।

### रात होते ही छा जाता है अंधेरा, लाइटिंग सिस्टम भी फेल

ब्रिज पर प्रकाश व्यवस्था की हालत भी बेहद खराब है। शाम ढलते ही पूरा क्षेत्र अंधकार में डूब जाता है। स्ट्रीट लाइट्स या तो बंद हैं या अधूरी हैं। ऐसे में वाहन चालकों को न तो गड्ढे नजर आते हैं और न ही सड़क की दिशा स्पष्ट होती है। यह स्थिति विशेषकर बारिश के मौसम में और भी खतरनाक हो जाती है।

**समान फ्लाईओवर की हालत और भी चिंताजनकः** सिर्फ आरओबी ही नहीं, बल्कि उसके समानांतर बना फ्लाईओवर, जो मार्च 2021 में तैयार हुआ था, उसकी स्थिति भी बेहद खराब है। करीब 750 मीटर लंबे इस फ्लाईओवर की सड़क आधा दर्जन स्थानों पर पूरी तरह उखड़ चुकी है।



यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को हर रोज जोखिम उठाना पड़ता है। बारिश और ट्रैफिक के चलते गड्ढे लगातार गहरे होते जा रहे हैं।

### परफॉर्मेंस गारंटी खत्म, जिम्मेदार एजेंसी मौन

समान फ्लाईओवर निर्माण की परफॉर्मेंस गारंटी मार्च 2024 में समाप्त हो चुकी है। अब इसकी देखरेख और मरम्मत की जिम्मेदारी पूरी तरह सेतु निगम की है। लेकिन न तो एजेंसी गंभीर है और न ही प्रशासन कोई ठोस कदम उठा रहा है। जबकि परफॉर्मेंस गारंटी के दौरान ही सतह उखड़ने के लक्षण दिखने लगे थे, परन्तु निर्माण एजेंसी ने समय रहते सुधार नहीं कराया।

### कई बार कराई गई अस्थायी भराई, लेकिन नहीं मिला समाधान

पिछले दो महीनों में फ्लाईओवर पर कई बार अस्थायी रूप से कांक्रीट भराई की गई। एक बार बारिश शुरू होने से पहले और दूसरी बार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दौरे के पूर्व। लेकिन हाल की बारिश ने सारी कांक्रीट बहा दी, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई है। अब फिर वही गड्ढे, वही छड़ें और वही खतरे दोहराए जा रहे हैं।

### जनता बेहाल, जिम्मेदार बेखबर

स्थानीय राहगीरों का कहना है कि इतनी बड़ी लागत से बने पुल की यह हालत शर्मनाक है। सरकार को चाहिए कि तत्काल इसकी जांच कराए और दोषियों पर कार्रवाई करे। साथ ही फ्लाईओवर व आरओबी की स्थायी मरम्मत कराकर लाइटिंग की समुचित व्यवस्था की जाए।

### इनका कहना है

बरसात के दिनों में ऐसी समस्याएं सामने आती हैं समीक्षा बैठक कर मरम्मत कार्य के लिए निर्देशित किया गया है।

**प्रतिभा पाल**
**कलेक्टर रीवा ।**

# वोट धांधली का सबसे बड़ा उदाहरण रीवा
## भाजपा सांसद जनार्दन मिश्रा का वीडियो वायरल

### कांग्रेस ने कहा व्यक्तिगत रंजिश का नतीजा

**रीवा।** रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा का एक बयान इन दिनों सोशल मीडिया पर सुर्खियों में है, जिसमें वह कांग्रेस शासनकाल के दौरान रीवा में कथित फर्जी वोटिंग और मतदाता सूची में हेराफेरी के गंभीर आरोप लगाते नजर आ रहे हैं। यह वीडियो 14 अगस्त को मऊगंज में आयोजित विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस कार्यक्रम के दौरान दिए गए उनके भाषण का है, जो अब तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में सांसद मिश्रा कहते सुनाई दे रहे है वोट की धांधली का सबसे बड़ा उदाहरण अगर देश में कहीं देखा जा सकता है तो वह रीवा है। कांग्रेस के समय में हर तरफ फर्जी वोटिंग करवाई जाती थी। मतदाता सूची में फर्जी नाम जोड़ दिए जाते थे। तत्कालीन विधानसभा अध्यक्ष स्व. श्रीनिवास तिवारी के क्षेत्र मनगवां में तो एक घर से 1,000 और कहीं 1,100 वोटर निकलते थे। उन्होंने आगे कहा कि हम लोगों ने तब इसका विरोध किया था और कांग्रेस की इस गड़बड़ी का भंडाफोड़ पूरे प्रदेश ने देखा। भाषण में सांसद ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को भी निशाने पर लेते हुए कहा कि उन्हें चुनाव आयोग जैसे संवैधानिक संस्थानों पर आरोप लगाते वक्त जिम्मेदारी का परिचय देना चाहिए। हवा में बात करना ठीक नहीं, आयोग ने उनके आरोपों का खंडन कर दिया है। सांसद के बयान पर कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। पार्टी नेताओं ने



आरोप लगाया है कि जनार्दन मिश्रा बार-बार स्वर्गीय श्रीनिवास तिवारी के परिवार को राजनीतिक कारणों से निशाना बना रहे हैं। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा स्व. तिवारी अब हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनका राजनीतिक और सामाजिक योगदान सर्वविदित है। उनके नाती स्वयं भाजपा के विधायक हैं और सांसद जनार्दन मिश्रा से उनका राजनीतिक मतभेद जगजाहिर है। ऐसे में व्यक्तिगत टकराव के चलते बार-बार उनके परिवार को निशाना बनाना शोभा नहीं देता। कांग्रेस ने यह भी कहा कि यदि सांसद के पास धांधली के पुख्ता सबूत हैं, तो वे उन्हें सार्वजनिक करें या न्यायिक जांच की मांग करें, अन्यथा यह बयान सिर्फ राजनीतिक स्टंट है।

# मेडिकल कालेज रीवा में तीन दिवसीय रिसर्च मैथोडोलाजी कार्यशाला संपन्न

**रीवा।** रीवा मेडिकल कालेज मे स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग भारत सरकार द्वारा तीन दिवसीय रिसर्च मैथोडोलाजी वर्कशाप का आयोजन मल्टी डिसी प्लीनरी यूनिट द्वारा को किया गया। इस कार्यशाला मे देश के विभिन्न क्षेत्र से आये हुए प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों मे प्रमुख रुप से डॉ. तापस चकमा, डा. ज्योति सिह के मार्गदर्शन रहा 1 वर्कशाप का मुख्य उद्देश्य चिकित्सा महाविद्यालय मे रिसर्च प्रोजेक्ट कैसे लिखे, उसकी टेक्निक कैसी होनी चाहिए तथा रिसर्च ग्रांट कैसे प्राप्त करें बैग्लोर विश्वविद्यालय के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा . टी .एस केशवा प्रसाद एवं प्रशांत मोदी ने प्रभावकारी जानकारी साझा की भारतीय आयुविज्ञान अनुसंधान परिषद ट्रायबल रिसर्च सेन्टर जबलपुर के डा. तापस ने रिसर्च डिजाइन एवं क्लीनिकल ट्रायल कैसे किया जाता है भोपाल चिकित्सा महा के डा अतुल श्रीवास्तव ने राज्य चिकित्सा महाविद्यालय मे रिसर्च को कैसे इम्प्लीमेंट करे और मल्टी डिस्प्लीनरी रिसर्च यूनिट का क्या योग दान हो सकता है इसकी विस्तार से जानकारी दी। डा पुष्पेंद्र सिंह ने रिसर्च क्यूसचन कैसे बनाये जाये डा. आर. पी जोशी ने बायों स्टेटिकल टूल के अनुप्रयोग साझा की इस रिसर्च यूनिट प्रोजेक्ट मे सराहनीय आठ रिसर्च प्रोजेक्ट इनवेस्टिगेटर चिकित्सको को एम्प्री सिमेसन सर्टीफिकेट प्रदान किये गये । वर्कशाप मे ग्वालियर, जबलपुर, सागर, भोपाल चिकित्सा महा विद्यालय के फैकल्टी ने भाग लिए। सम्पूर्ण कार्यक्रम चिकित्सा महाविद्यालय रीवा के अधिष्ठाता डा. सुनील अग्रवाल नोडल अधिकारी डा. राहुल मिश्रा अधीक्षक की भूमिका महत्वपूर्ण रही। कार्याशाला मे 60 फैकल्टी मेंबर ने भाग लिया।

# हमें वीरों के बलिदान और त्याग से आज़ादी मिली - डॉक्टर अजय सिंह

**रीवा। जनपद पंचायत रीवा के ग्राम पंचायत रीठी में बड़े हर्ष एवं उल्लास के साथ आजादी का पर्व 79 स्वतंत्रता दिवस बड़े धूम धाम से मनाया गया माल्यणपड एवं दीप प्रज्वलित किया गया बालिकाओ द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई । कार्यक्रम मे डांस गीत भाषण के माध्यम से लोगों मोह लिऐ । मुख्य अतिथि डां अजय सिंह पटेल भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष रहे एवं अध्यक्षता राम सेवक पटेल मुखिया रीठी सरपंच ने किया बिशिष्ट अतिथि सैलेन्द्र देव रहे कार्यक्रम का सफल संचालन बिनोद भट्ट द्वारा किया गया।**

आयोजित स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रमुख रूप से रामलाल चतुर्वेदी सिकेट्री रीठी प्रभाकर देव,.अमर सिंह पटेल रोजगार सहायक रीठी, अशोक सिंह सुपिया, सुखेन्द्र सिंह खडडी हिरामणि पटेल वरिष्ठ समाज सेवी श्रीनिवास कुशवाहा उमरी सूर्यकांत मिश्रा, मोतीलाल पटेल प्रमोद पटेल,.रामनरेश कोल रामलाल कोल, सतीस पटेल, दिलीप पटेल राजेन्द्र पटेल रामनरेश पटेल राजेश पटेल अमन सेन रोहित साकेत बब्लू साकेत बिजय पाण्डेय बिजेश रावत समयलाल पटेल दिनेश पटेल बिजय रावत दिलिप कोरी रामलाल कोल जितेन्द्र बिश्कार्मा बिजेश पटेल अर्जुन कोल कमलेन्द्र पटेल, जितेन्द्र पटेल बिरेन्द्र पटेल बूटा उदयभान केवट के अलावा सैकडो ग्रामीण जन उपस्थित रहे 1 मुख्य अतिथि डां अजय सिंह ने कहा कि हमें वीरों के बलिदान और त्याग से आज़ादी मिली है हर व्यक्ति को इसका मूल्य समझना चाहिए 1 देश के विभाजन से हुई पीड़ा को कदापि नहीं भूलना चाहिए। आज हमने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया। विभाजन के कारण भयावह हिंसा देखी गई और लाखों लोग विस्थापित होने के लिए मजबूर किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राम सेवक पटेल मुखिया रीठी सरपंच अपने उद्बोधन मे तिरंगे को नमन कर देश मे बीर सैनिको को अपने प्राणो को नेवछावर करने वाले बीर सैनिको को याद किया गया एवं लोगो को नशा से दुर रहने के लिए प्रेरित किया गया कार्यक्रम का आभार सैलेन्द्र देव ने किया।

# परिवार की धमकियों से डरे प्रेमी युगल ने मांगी पुलिस से सुरक्षा

### एसपी ऑफिस पहुंचे प्रेमी जोड़े ने सुरक्षा की लगाई गुहार

**रीवा।** प्रेम में धर्म आड़े आया और जब अपने ही अपनों के खिलाफ खड़े हुए, तो जान बचाना मुश्किल हो गया। रीवा जिले के सेमरिया थाना क्षेत्र से एक अंतरधार्मिक प्रेम प्रकरण सामने आया है, जहां प्रेमी युगल ने परिजनों से मिल रही धमकियों से परेशान होकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर सुरक्षा की मांग की है। जानकारी के अनुसार, मुस्लिम समुदाय की एक युवती और हिन्दू युवक के बीच बीते तीन वर्षों से प्रेम संबंध हैं। युवती के अनुसार, दोनों बालिग़ हैं और एक-दूसरे से शादी करना चाहते हैं।



लेकिन जब इस रिश्ते की भनक लड़की के परिजनों को लगी, तो उन्होंने कड़ा विरोध जताते हुए कथित तौर पर युवती को जान से मारने की धमकियां देनी शुरू कर दीं। युवती ने पुलिस को बताया कि वह अपनी मर्जी से अपने प्रेमी के साथ रहना चाहती है और अब कोर्ट मैरिज की तैयारी कर रही है। युवती का यह भी कहना है कि परिवार की मर्जी थोपना उसकी आज़ादी में हस्तक्षेप है और उसे अपनी ज़िंदगी के फैसले लेने का पूरा हक है। एसपी कार्यालय पहुंचे इस प्रेमी युगल ने लिखित रूप में सुरक्षा की मांग करते हुए कहा कि अगर उन्हें समय रहते सुरक्षा न दी गई, तो कोई अनहोनी हो सकती है। दोनों ने प्रशासन से अपील की है कि वे कानून के दायरे में रहकर अपना जीवनसाथी चुनना चाहते हैं

## तेज रफ्तार पिकअप ने ली युवक की जान, सड़क पार करते वक्त हुई घटना

**रीवा।** जिले के रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र अंतर्गत रामनई के समीप कोष्टा के पास बीती शाम एक तेज रफ्तार पिकअप के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस की मदद से घायल युवक को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया था जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार युवक रामनई स्थित निजी कंपनी में काम करके रामपुर नैकिन जा रहा था जैसे ही नागेंद्र सिंह बीती शाम कोष्टा के समीप पहुंचे नेशनल हाईवे सड़क क्रासिंग के दौरान पिकअप वाहन के चालक ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी की बाइक सवार नागेंद्र सिंह दूर जा गिरे। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायल को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल भिजावाया जहां उसका उपचार जारी था और देर रात युवक की मौत हो गई।

# सहायक ग्रेड तीन अभिराम मिश्रा की सेवा समाप्ति के आदेश

### सीपीसीटी का कूटरचित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर हुई कार्रवाई

**रीवा ।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में सहायक ग्रेड तीन के पद पर पदस्थ अभिराम मिश्रा की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई हैं। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार अभिराम मिश्रा द्वारा अनुकंपा नियुक्ति के चार वर्ष आठ माह 20 दिन की सेवा अवधि पूर्ण होने के बाद भी कम्प्यूटर दक्षता प्रमाणीकरण परीक्षा (सीपीसीटी) पास करने में असफल रहे। उनके द्वारा सीपीसीटी उत्तीर्ण करने का कूटरचित प्रमाण पत्र एवं स्कोर कार्ड प्रस्तुत किया गया, जो कदाचार की श्रेणी में आता है। जिस पर कलेक्टर ने सामान्य प्रशासन विभाग के क्र./सी 3-12/2013/1/3 भोपाल दिनांक 29 सितम्बर 2014 परिपत्र की कंडिका 6.5 एवं कार्यालयीन आदेश में उल्लेखित शर्त तीन के तहत अभिराम मिश्रा की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी हैं। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार शासकीय कन्या हाईस्कूल घोघर रीवा के प्राचार्य डॉ अम्बिकेश मिश्रा की मृत्यु तीन जून 2018 को हो जाने के कारण उनके पुत्र अभिराम मिश्रा को 25 नवम्बर 2020 को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान कर कलेक्ट्रेट कार्यालय में सहायक ग्रेड तीन के पद पर पदस्थ किया गया था। उनके नियुक्ति पत्र में इस शर्त का उल्लेख था कि नियुक्ति के तीन वर्ष के भीतर शासन द्वारा किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से कम्प्यूटर डिप्लोमा एवं कम्प्यूटर दक्षता प्रमाणीकरण परीक्षा उत्तीर्ण किया जाना अनिवार्य है। अभिराम द्वारा सीपीसीटी परीक्षा उत्तीर्ण होने संबंधी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करते हुए परिवीक्षा अवधि समाप्ति के लिए आवेदन दिया गया। परिवीक्षा अवधि समाप्ति के लिए गठित समिति द्वारा इस पर कार्यवाही की गई। जिसमें अभिराम का सीपीसीटी प्रमाण पत्र सीपीसीटी की वेबसाइट से सत्यापित नहीं पाया गया। अभिराम से पुनः स्वप्रमाणित सीपीसीटी उत्तीर्ण होने के संबंध में प्रमाण पत्र की मांग की गई। उनके द्वारा पुनः स्वप्रमाणित सीपीसीटी परीक्षा उत्तीर्ण करने संबंधी प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया। समिति द्वारा प्रमाण पत्र का पुनः वेबसाइट से सत्यापन नहीं पाया गया और संदेह होने पर इसे एमपीएसईडीसी स्टेट आई सेंटर भोपाल भेजा गया। एमपीएसईडीसी द्वारा प्रेषित पत्र में श्री मिश्रा द्वारा प्रस्तुत सीपीसीटी प्रमाण पत्र में त्रुटि पाई गई। श्री मिश्रा को चार वर्ष से भी अधिक की सेवा पूर्ण होने के बाद भी सीपीसीटी स्कोर कार्ड पर अनुत्तीर्ण अंक को कूटरचित तरीके से उत्तीर्ण अंकित कर स्वप्रमाणित प्रस्तुत करने के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। मिश्रा द्वारा प्रस्तुत उत्तर को संतोषजनक नहीं पाया गया जिसके कारण उनकी सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं।

# जनसुनवाई के आवेदनों का सात दिवस में निराकरण करें -कलेक्टर

### मऊगंज में 30 आवेदन पत्रों में हुई जन सुनवाई

**मऊगंज।** कलेक्ट्रेट सभागार में आमजनता के आवेदन पत्रों के निराकरण के लिए साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जन सुनवाई में कलेक्टर संजय कुमार जैन ने आमजनता के 30 आवेदन पत्रों में सुनवाई की। कलेक्टर ने जनसुनवाई में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनसुनवाई शासन की उच्च प्राथमिकता की योजना है। जनसुनवाई में मिले आवेदन पत्रों का सात दिन की समय सीमा में निराकरण करके प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। आवेदक को भी आवेदन पत्र में की गई कार्यवाही से अवगत कराएं। जनसुनवाई में बिजली की आपूर्ति तथा बिलों में सुधार, जमीन पर अतिक्रमण, खाद्यान्न वितरण, मजदूरी भुगतान तथा अन्य आवेदनों पर सुनवाई की गई। जनसुनवाई में भीमसेन मिश्रा निवासी ग्राम गोदरी ने गांव में बंदरों के आतंक से मुक्ति के लिए आवेदन दिया कलेक्टर ने



वनमण्डलाधिकारी को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। फूलचंद सोंधिया निवासी ग्राम सरवरा ने संबल योजना के तहत अनुग्रह राशि के लिए आवेदन दिया। कलेक्टर ने जिला श्रम पदाधिकारी तथा जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को आवेदन पर तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। हेमलता सिंह निवासी फरहदा ने शिक्षा विभाग में नियुक्ति के संबंध में आवेदन दिया। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। सुदामा साकेत निवासी पटेहरा ने मकान निर्माण के लिए भूमि आवंटन का आवेदन दिया। कलेक्टर ने एसडीएम हनुमना को प्रकरण का परीक्षण कर कार्यवाही के निर्देश दिए। द्वारिका प्रसाद मिश्रा निवासी ग्राम कचनार में बिजली बिल में सुधार के लिए आवेदन दिया। कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री विद्युत मण्डल को आवेदन के निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर राजेश मेहता, संयुक्त कलेक्टर एपी द्विवेदी तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।